SOF
SCIENCE OLYMPIAD FOUNDATION

SAMPLE PAPER SYLLABUS 2024-25

CLASS **5**

Introducing IHO

SOF INTERNATIONAL HINDI OLYMPIAD

कुल प्रश्न : 50 | समय : 1 घंटा

पैटर्न तथा अंक योजना			
खंड	(1) शब्द और व्याकरण बोध	(2) रचनात्मक बोध	(3) मेधावी खंड
प्रश्नों की संख्या	35	10	5
अंक प्रति प्रश्न	1	1	3

Scan the QR code for more details

पाठ्यक्रम

खंड-1: भाषा और व्याकरण, वर्ण एवं वर्णमाला, शब्द और वाक्य, शब्द-भंडार, संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषण, काल, क्रिया एवं कारक, लिंग एवं वचन, अविकारी शब्द, अशुद्धि संशोधन एवं विराम-चिह्न, गिनती, दिनों एवं महीनों के नाम, शब्दकोश, भारतीय साहित्य एवं संस्कृति।

खंड-2: अपठित गद्यांश, अपठित पद्यांश, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ।

खंड-3: उच्चतर क्रम सोच कौशल आधारित प्रश्न– खंड 1 और 2 के पाठ्यक्रम के अनुसार

शब्द और व्याकरण बोध

1. ________ शब्द द्वित्व व्यंजन का उदाहरण है।
(क) दिल्ली (ख) प्रज्वलित
(ग) अंत्याक्षरी (घ) प्रज्ञाचक्षु

2. पर्यायवाची शब्दों के अनुचित विकल्प का चयन कीजिए–
(क) स्त्री–महिला, नारी, वनिता (ख) सूर्य–मयंक, सुधांशु, इंदु
(ग) पर्वत–अचल, गिरि, शैल (घ) गणेश–गजानन, लंबोदर, गणपति

3. 'मिठाई' शब्द में संज्ञा का कौन-सा भेद है?
(क) व्यक्तिवाचक (ख) जातिवाचक
(ग) भाववाचक (घ) समूहवाचक

4. मेरी बड़ी बहन बहुत अच्छा खाना पकाती है।
(दिए गए वाक्य में कौन-सा शब्द कर्म है?)
(क) बड़ी बहन (ख) बहुत अच्छा
(ग) खाना (घ) पकाती

5. निम्नलिखित में से कौन-सा अविकारी शब्दों का भेद नहीं है?
(क) क्रियाविशेषण (ख) समुच्चयबोधक
(ग) विस्मयादिबोधक (घ) विशेषण

6. बाल कवि सम्मेलन में दीपक को श्रेष्ठ कवि का पुरस्कार मिला। (दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग रूप बताइए।)
(क) कवयित्री (ख) कवियित्री
(ग) कवयित्रि (घ) कवित्री

रचनात्मक बोध

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 7 और 8 के उत्तर दीजिए–

आज सारा संसार अधिक-से-अधिक धन कमाने की होड़ में लगा हुआ है। अनुचित साधनों द्वारा अर्जित काला धन ही लोगों की वैभवता का माध्यम बन गया है। संसार की संपूर्ण अर्थव्यवस्था दूषित हो गई है। अधिक-से-अधिक धन बटोरने की होड़ मची है। अमीर और अधिक अमीर बन रहा है। गरीब और ज़्यादा गरीब होता जा रहा है। आज का मानव इतना स्वार्थी हो गया है कि उसे केवल अपना सुख ही दिखाई देता है। प्राचीनकाल से

लेकर आज तक अनेक महापुरुषों ने कहा है कि संतोष धन अर्जित करने में नहीं है, किंतु संतोष संन्यासियों का धन हो सकता है। राष्ट्र-निर्माण में व्यस्त युवकों के लिए तो वह लोहे की ज़ंजीर के समान है, जो उनको आगे बढ़ने से रोकती है। उत्पादन के साधनों का समान वितरण भी ज़रूरी है। जब समाज में असमानता नहीं होगी, अमीरी-गरीबी के दो ऊँचे-नीचे पर्वत नहीं होंगे, तब असंतोष स्वयं ही नष्ट हो जाएगा।

7. लोगों की वैभवता का साधन क्या है?

(क) राष्ट्र-निर्माण
(ख) अमीरी-गरीबी
(ग) काला धन
(घ) इनमें से कोई नहीं

---

8. स्वार्थी मनुष्य को केवल क्या दिखाई देता है?

(क) अपना धन
(ख) अपना समाज
(ग) अपना सुख
(घ) उपरोक्त सभी

मेधावी खंड

9. शब्दों के भेदों के आधार पर मिलान के उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) नीलकंठ	(i) रूढ़
(ब) हस्त	(ii) तत्सम
(स) थैला	(iii) यौगिक
(द) विद्यालय	(iv) योगरूढ़

(क) अ-(iii), ब-(ii), स-(i), द-(iv)
(ख) अ-(iv), ब-(ii), स-(i), द-(iii)
(ग) अ-(ii), ब-(iv), स-(i), द-(iii)
(घ) अ-(iv), ब-(iii), स-(ii), द-(i)

---

10. दी गई संख्याओं का उनके सही हिंदी शब्दों से मिलान कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) १७	(i) उनचास
(ब) २९	(ii) छत्तीस
(स) ४९	(iii) सत्रह
(द) ३६	(iv) उनतीस

(क) अ-(iv), ब-(iii), स-(i), द-(ii)
(ख) अ-(iii), ब-(iv), स-(i), द-(ii)
(ग) अ-(i), ब-(iv), स-(iii), द-(ii)
(घ) अ-(ii), ब-(iv), स-(i), द-(iii)

SPACE FOR ROUGH WORK

ANSWERS

IHO – 1. (क) 2. (ख) 3. (ख) 4. (ग) 5. (घ) 6. (क) 7. (ग) 8. (ग) 9. (ख) 10. (ख)